अक्र्नोफोबिया मकड़ियों का डर है, जो पुरुषों से लगभग चार गुना अधिक महिलाओं को प्रभावित करता है।
अतः 'A' ने सच कहा और 'B' ने वक्तव्य का विस्तार किया।
अतः विकल्प 'b' सही उत्तर है।

9. **Find the odd one out from the following given options.**
**निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से विषम को ज्ञात करें।**
(a) QMN (b) LMO
(c) AGH (d) DKL

**Ans. (b) :** विकल्पों से,




उपर्युक्त से स्पष्ट है कि विकल्प 'b' LMO विषम है।

10. **The following question consist of two words that have a certain relationship with each other. Select the letter pair from the given options that has the same relationship as the originaly pair of words:-**
**Skin : Man**
**निम्नलिखित प्रश्न में दो शब्द शामिल हैं जिनका एक दूसरे के साथ एक निश्चित संबंध है। दिए गए विकल्पों में से अक्षर जोड़ी का चयर करें, जिसमें शब्दों की मूल जोड़ी के समान संबंध है:-**
**त्वचा : आदमी**
(a) Tree : Leaves/पेड़ : पत्ते
(b) Scale : Fish/शल्क (स्केल): मछली
(c) Bird : Feather/पक्षी : पंख
(d) None of these/इनमें से कोई भी नहीं

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'त्वचा' मनुष्य के शरीर का बाहरी आवरण है। उसी प्रकार शल्क (स्केल) मछली के शरीर का बाहरी आवरण है।
अतः विकल्प 'b' सही उत्तर है।

11. **The Lowest Common Multiple (LCM) of two numbers is 1005 and their Highest Common Factor (HCF) is 26. If one of the two numbers is 130, find the other number.**
**दो संख्याओं का लघुतम समापवर्त्य (LCM) 1005 और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 26 है। यदि दोनों संख्याओं में से एक 130 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात करें।**
(a) 402 (b) 210
(c) 26 (d) 201

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार,

पहली संख्या × दूसरी संख्या = LCM × HCF

⇒ 130 × दूसरी संख्या = 1005 × 26

⇒ दूसरी संख्या = $\frac{1005\times26}{130}$

∴ दूसरी संख्या = 201

**12. Reduce (86415/160485) to its lowest terms.**
**(86415/160485) को उसके लघुतम रूप में बदलें।**

(a) (9/16) (b) (7/13)
(c) (13/7) (d) (16/9)

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,

$\frac{86415}{160485}$

$=\frac{12345\times7}{12345\times13}=\frac{7}{13}$

अतः $\frac{86415}{160485}$ का लघुतम रूप $=\frac{7}{13}$ होगा।

**13. Mohit purchased a machine for Rs. 70,000 and spent Rs. 4000 on repair and Rs. 1000 on transport and sold it with 35% profit. At what price did he sell the machine?**
**मोहित ने रु. 70,000 के लिए एक मशीन खरीदी और मरम्मत पर रु. 4000 और परिवहन पर रु. 1000 खर्च किए और इसे 35% के लाभ पर बेच दिया। किस कीमत पर उसने मशीन बेची?**

(a) Rs. 101250 (b) Rs. 75000
(c) Rs. 101200 (d) Rs. 50625

**Ans. (a) :** दिया गया है-

मशीन का क्र. मू. (cp) = 70,000 + 4000 + 1000

=₹75000

लाभ (p)% = 35%

∵ 100% = 75000

∴ (100+35)% $=\frac{75000}{100}\times135$

= ₹ 101250

अतः वस्तु का वि. मू. = ₹101250

**14. A shopkeeper cheats to the extent of 20% while buying as well as selling by using false weights. His total gain is...............**
**एक दुकानदार खोटे वजन का उपयोग करके, बेचने के साथ-साथ खरीदते समय 20% की सीमा तक धोखा देता है। उसका कुल लाभ.............. है।**

(a) 20% (b) 10%
(c) 22% (d) 44%

**Ans. (d) :** दिया गया है-

दुकानदार का वस्तु खरीदते समय लाभ = 20%

वस्तु बेचते समय लाभ = 20%

दुकानदार का खरीद और बिक्री में कुल लाभ

$= 20+20+\frac{20\times20}{100}$

= 40 + 4

= 44%

**15. The speed of a boat in still water is 5 km/h and the speed of the stream is 2.5 km/h. A man rows to a place at a distance of 18.75 km and comes back to the starting point. Find the total time taken by him.**
**ठहरे हुए पानी में एक नाव की गति 5 किमी/घंटा है और धारा की गति 2.5 किमी/घंटा है। एक आदमी 18.75 किमी की दूरी पर नाव चलाकर एक जगह पर जाता है और शुरुआती बिंदु पर वापस आता है। उसके द्वारा लिया गया कुल समय ज्ञात कीजिए।**

(a) 13.5 hours/घंटे (b) 15 hours/घंटे
(c) 5 hours/घंटे (d) 10 hours/घंटे

**Ans. (d) :** दिया गया है-

शांत जल में नाव की चाल (x) = 5km/h

धारा की चाल (y) = 2.5 km/h

दूरी (d) = 18.75 km

प्रश्नानुसार,

समय (t) $=\frac{18.75}{7.5}+\frac{18.75}{2.5}$

= 2.5 + 7.5

= 10 haurs

**16. Where is the headquarter of Olympic Council of Asia situated?**
**ओलिंपिक काउंसिल का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) Seoul/सीओल (b) Kathmandu/काठमांडू
(c) Beijing/बीजिंग (d) Kuwait city/कुवैत सिटी

**Ans. (d) :** ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया का मुख्यालय कुवैत की राजधानी कुवैत सिटी में है। एशियाई ओलंपिक परिषद (OCA) एशिया में खेलों का एक शासी निकाय है, जिसमें वर्तमान में 45 सदस्य राष्ट्रीय ओलंपिक समितियाँ है ज्ञात हो कि एशियाई खेलों का अगला संस्करण 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान के आइची प्रान्त और नागोया में आयोजित किया जाएगा।

**17. Which of the following is not a principle of group work?**
**निम्नलिखित में से कौन समूह कार्य का सिद्धांत नहीं है?**

(a) Group experiment planning/समूह प्रयोग योजना
(b) Continuous evaluation/सतत मूल्यांकन
(c) Progressive programme experience/प्रगतिशील कार्यक्रम का अनुभव
(d) Specific objectives/विशिष्ट उद्देश्य

**Ans. (a) :** दिए गए विकल्पों में ''समूह प्रयोग योजना'' समूह कार्य का सिद्धान्त नहीं है। क्योंकि समूह कार्य का उद्देश्य प्रयोग करना नहीं होता। समूह कार्य का मूल आधार समूह की सहभागिता सामूहिक अनुभव और निरंतर प्रगति है। जबकि प्रयोग योजना अनुसंधान या वैज्ञानिक पद्धति का हिस्सा है। न कि सामायिक समूह कार्य का।

**18. Which state in India enjoyed special status under Article 370 of the Constitution of India?**
**भारत के किस राज्य को भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा प्राप्त था?**
(a) Tamil Nadu/तमिलनाडु
(b) Jharkhand/झारखंड
(c) Madhya Pradesh/मध्यप्रदेश
(d) Jammu and Kashmir/जम्मू और कश्मीर

**Ans. (d) :** भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य को अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा प्राप्त था। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के पश्चात 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू-कश्मीर का दो केन्द्रशासित प्रदेशों के रूप (जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख) में पुनर्गठन कर दिया गया है।

**19. Which year the Government of India proposed Annual Health Survey?**
**भारत सरकार ने किस वर्ष वार्षिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण प्रस्तावित किया?**
(a) 2003 (b) 2005
(c) 2002 (d) 2004

**Ans. (b) :** भारत सरकार ने वर्ष 2005 में राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग की बैठक के दौरान वार्षिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण प्रस्तावित किया था। यह सर्वेक्षण स्वास्थ्य संकेतको की नियमित निगरानी तथा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य हस्तक्षेपों की प्रगति पर नज़र रखने के लिए तैयार किया गया था। इसका पहला दौर 2010-11 में आयोजित किया गया था। अन्य विकल्प असंगत है।

**20. Which among the following is the full form of BSNL?**
**निम्नलिखित में से BSNL का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) Bharatiya Sanchar Nigam Limited/भारतीय संचार निगम लिमिटेड
(b) Bharatiya Sanchar Network Limited/भारतीय संचार नेटवर्क लिमिटेड
(c) Bharatiya Sanchar Vayavastha Nigam Limited/भारतीय संचार व्यवस्था निगम लिमिटेड
(d) Bharat Sanchar Nigam Limited/भारत संचार निगम लिमिटेड

**Ans. (d) :** BSNL का पूर्ण रूप Bharat Sanchar Nigam Limited है। BSNL, भारत सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी है। इसकी स्थापना 15 सितम्बर 2000 में हुई थी।

**21. Which country among the following is the Neighbour country of India?**
**निम्नलिखित में से कौन सा देश भारत का पड़ोसी देश है?**
(a) None of these/इनमें से कोई भी नहीं
(b) Nepal/नेपाल
(c) USA/अमरीका
(d) United kingdom/यूनाइटेड किंगडम

**Ans. (b) :** दिये गए विकल्पों में नेपाल भारत का पड़ोसी देश है। भारत के अन्य पड़ोसी देश बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, म्यांमार हैं।

**22. At present (25 June 2019) who among the following is the head coach of Indian cricket team?**
**वर्तमान में ( 25 जून 2019 ) निम्नलिखित में से कौन भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच है?**
(a) Sanjay Bangar/संजय बांगर
(b) Bharat Arun/भारत अरुण
(c) Ravi Shastri/रवि शास्त्री
(d) Zaheer Khan/ज़हीर खान

**Ans. (c) :** 25 जून 2019 को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री थे। वर्तमान (25 अगस्त 2025) में भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर हैं।

**23. The most important function of education is:**
**शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है:-**
(a) Human resource development/मानव संसाधन विकास
(b) Political development /राजनीतिक विकास
(c) Economic development/आर्थिक विकास
(d) Industrial development/औद्योगिक विकास

**Ans. (a) :** शिक्षा का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य मानव संसाधन का विकास करना है। क्योंकि शिक्षा व्यक्ति के ज्ञान, कौशल, मूल्य और दृष्टिकोण का विकास करती है। इससे व्यक्ति अपनी क्षमता का उपयोग कर समाज, राष्ट्र और विश्व के विकास में योगदान देता है।

**24. Indira Gandhi National Widow Pension Scheme (IGNWPS) will provide beneficiary of Rs. 200 in the age group of :-**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत, किस आयु वर्ग को रु. 200 का लाभ मिलेगा?**
(a) 50-60 (b) 40-60
(c) 40-59 (d) 40-50

**Ans. (*) :** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (IGNWPS) ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित की जाती है। यह समाज के गरीब परिवारों (BPL) की विधवाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक गैर-अंशदायी पेंशन योजना है। इसके तहत 40 से 79 वर्ष की आयु की विधवाओं को 300 रुपये प्रति माह पेंशन दी जाती है तथा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को 500 रुपये प्रति माह पेंशन दी जाती है।

**25. Who is the current chairman of ISRO?**
**इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन है?**
(a) Prof. Udupi Ramachandra Rao/प्रोफ़ेसर उडुपी रामचंद्रा राव
(b) G. Madhavan/जी. माधवन
(c) Dr. K Sivan/डॉ. के. सिवान
(d) Dr. K Radhakrishnan/डॉ. के राधाकृष्णन

**Ans. (*) :** प्रश्नकाल में इसरो (ISRO) के अध्यक्ष डॉ. के. सिवान थे। वर्तमान में इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन हैं। इसरो का मुख्यालय बेंगलूरु में है।

**26. Who from the following is not Social Activist? निम्नलिखित में से कौन सामाजिक कार्यकर्ता नहीं है?**

(a) Anna Hazare/अन्ना हजारे
(b) Arundhati Roy/अरुंधती रॉय
(c) Dr. P.D. Kulkarni/डॉ.पी.डी. कुलकर्णी
(d) Medha Patkar/मेधा पाटकर

**Ans. (c) :** दिए गए विकल्पों में डॉ. पी. डी. कुलकर्णी एक सामाजिक कार्यकर्ता नहीं है।

**27. In which city of Bihar, Sulabh International launched cheapest drinking water project 'SulabhJal? बिहार के किस शहर में सुलभ इंटरनेशनल ने सबसे सस्ती पेयजल परियोजना 'सुलभजल' की शुरुआत की?**

(a) None of these/इनमें से कोई नहीं
(b) Samastipur/समस्तीपुर
(c) Patna/पटना
(d) Darbhanga/दरभंगा

**Ans. (d) :** प्रश्नकाल के दौरान बिहार के दरभंगा जिले में सुलभ इंटरनेशनल ने सबसे सस्ती पेयजल परियोजना 'सुलभजल' की शुरुआत की थी।

**28. The............is an imaginary line perpendicular to the Earth's rotational axis. ................पृथ्वी की घूर्णी धुरी के लंबवत एक काल्पनिक रेखा है?**

(a) Equator/भूमध्य रेखा
(b) Northern Hemisphere/उत्तरी गोलार्द्ध
(c) Aurora/औरोरा
(d) Southern Hemisphere/दक्षिणी गोलार्द्ध

**Ans. (a) :** पृथ्वी की घूर्णी धुरी के लम्बवत काल्पनिक रेखा को भूमध्य रेखा कहा जाता है।

**29. Which Indian cricketer becomes fastest batsman to score 11000 runs in ODIs? कौन से भारतीय क्रिकेटर ने वनडे में सबसे तेज 11000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने?**

(a) Rahul Sharma/राहुल शर्मा
(b) MS Dhoni/एम ऐस धोनी
(c) Virat Kohli/विराट कोहली
(d) Rahul Dravid/राहुल द्रविड़

**Ans. (c) :** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली वनडे में सबसे तेज 11000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

**30. The science of classification of organisms is called:- जीवों के वर्गीकरण का विज्ञान कहा जाता है:-**

(a) Taxonomy/वर्गीकरण
(b) Astrology/ज्योतिष
(c) Anatomy/एनाटॉमी
(d) Morphology/आकृति विज्ञान

**Ans. (a) :** जीवों के वर्गीकरण की वैज्ञानिक शाखा को 'Taxonomy' कहा जाता है। 'वर्गीकरण' शब्द का प्रयोग सबसे पहले स्विस वैज्ञानिक ए.पी.डी. कैंडोल ने 1813 में किया था। इसके बाद कैरोलेस लीनियस ने वैज्ञानिक नामकरण और वर्गीकरण प्रणाली को विकसित किया इसलिए इन्हें वर्गीकरण का जनक कहा जाता है।

**31. SarvaShikshaAbhiyan (SSA) was launched in the 9th Five Year Plan to:-/सर्वशिक्षा अभियान (SSA) 9वीं पंचवर्षीय योजना में शुरू किया गया था:-**

(a) Education for the weaker sections/कमजोर वर्गो के लिए शिक्षा
(b) Education for all/सभी के लिए शिक्षा
(c) Bridge all the gender and social gaps in education/शिक्षा में सभी लिंग और सामाजिक अंतरालों को पाटना
(d) Universalisation of Elementary Education प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण

**Ans. (d) :** प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण करने के उद्देश्य से वर्ष 2001 में 9वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सर्वशिक्षा अभियान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना था।

**32. Convergence has to be considered from which perspective/s:- अभिसरण पर विचार किस दृष्टिकोण से किया जाना है:-**

(a) Both of these/दोनों विकल्प
(b) Programmatic/प्रोग्रामेटिक
(c) Geographic/ज्योग्राफिक
(d) None of these/इनमें से कोई भी नहीं

**Ans. (a) :** अभिसरण पर प्रोग्रामेटिक एवं ज्योग्राफिक दोनों ही दृष्टिकोण से विचार किया जाना है।

**33. Earth's most important iron ore deposits are found in which of the following? पृथ्वी का सबसे महत्वपूर्ण लौह अयस्क जमा निम्न में से किसमें पाया जाता है?**

(a) Sedimentary rocks/अवसादी चट्टानें
(b) Limestone/चूना पत्थर
(c) Bronze/पीतल
(d) Stainless Steel/स्टेनलेस स्टील

**Ans. (a) :** पृथ्वी का सबसे महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क निक्षेप अवसादी चट्टानों में पाया जाता है। लौह अयस्क जैसे कि हैमेटाइट ($Fe_2O_3$) और मैग्नेटाइट ($Fe_3O_4$) मुख्य रूप से बैंडेड आयरन फार्मेशन (BIf) नामक अवसादी चट्टानों में पाए जाते हैं। ये चट्टानें प्राचीन समुद्री तलछटों से बनती है और विश्व के सबसे बड़े लौह अयस्क भण्डारों का स्रोत है।

**34. Which statement is incorrect as the function of Nyaya Panchayat? /न्याय पंचायत के कार्य के रूप में कौन सा कथन गलत है?**

(a) It maintains village schools/यह गांव के स्कूलों का रखरखाव करता है।
(b) It runs health centres/यह स्वास्थ्य केंद्र चलाता है।
(c) All of these/सभी विकल्प
(d) It gives loans to the farmers/यह किसानों को कर्ज देता है

**Ans. (c) :** न्याय पंचायत के संबंध में दिए गए तीनों कथन गलत हैं। न्याय पंचायत का कार्य ग्रामीण नागरिकों को त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करना है।

**35. Which state government has recently decided to only allow sale of helmets which meet the parameters of the Bureau of Indian Standards (BIS)?**
**किस राज्य सरकार ने हाल ही में केवल भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडो को पूरा करने वाले हेलमेटों की बिक्री की अनुमति देने का निर्णय लिया है?**

(a) Karnataka/कर्नाटक
(b) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(c) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(d) Maharashtra/महाराष्ट्र

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में केवल भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के मापदण्डों को पूरा करने वाले हेलमेटों की बिक्री की अनुमति प्रदान की। ऐसा ही निर्देश जुलाई 2025 में केन्द्र सरकार ने भी जारी किया है।

**36. Who among the following is honoured with Sansad Ratan Award in 2019?**
**निम्नलिखित में से किसे 2019 में संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**

(a) Anurag Thakur/अनुराग ठाकुर
(b) None of these/इनमें से कोई नहीं
(c) Rajdeep Roy/राजदीप रॉय
(d) Sharad Yadav/शरद यादव

**Ans. (a) :** वर्ष 2019 में संसद रत्न पुरस्कार भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर को प्रदान किया गया।

**37. Who among the following is considered as the Banker's Bank in India? / भारत में इनमें से किसे बैंकरों का बैंक भी कहा जाता है?**

(a) SEBI (b) RBI
(c) IRDA (d) SBI

**Ans. (b) :** भारतीय रिजर्व बैंक को 'बैंकरों का बैंक' भी कहा जाता है। यह भारत का केन्द्रीय बैंक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1935 में हुआ था। मुद्रा जारी करना, बैंकिंग प्रणाली का विनियामक, सरकार का बैंकर, मौद्रिक नीति का संचालन इसका प्रमुख कार्य है।

**38. Which of these newspaper was founded by Mahatma Gandhi?/इनमें से किस अखबार की स्थापना महात्मा गांधी ने की थी?**

(a) Sudharak/सुधारक
(b) India Speaks/इंडिया स्पीक्स
(c) Indian Awakening/इंडियन अवेकनिंग
(d) Indian Opinion/इंडियन ओपिनियन

**Ans. (d) :** 'इंडियन ओपिनियन' समाचार पत्र की स्थापना महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में किया था। यंग इंडिया, नवजीवन तथा हरिजन इनके द्वारा प्रकाशित अन्य समाचार पत्र थे।

**39. Who was called the grand old man of the Indian National Congress?**
**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का भव्य बूढ़ा किसे कहा जाता था?**

(a) Sardar vallabh bhai patel/सरदार वल्लभ भाई पटेल
(b) Lala Lajpat Rai/लाला लाजपत राय
(c) Mahatma Gandhi/महात्मा गांधी
(d) Dadabhai Naroji/दादाभाई नौरोजी

**Ans. (d) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का भव्य बूढ़ा (Grand old man) दादाभाई नौरोजी को कहा जाता है। ये ब्रिटिशकालीन भारत के एक बुद्धिजीवी, शिक्षाशास्त्री एवं सामाजिक नेता थे। इन्होंने 1865 में 'लन्दन इंडिया सोसाइटी' की स्थापना की थी।

**40. Who was called Deshbandhu?**
**देशबंधु किसे कहा जाता था?**

(a) Bal Gangadhar Tilak/बाल गंगाधर तिलक
(b) Lala Lajpat Rai/लाला लाजपत राय
(c) Chandra Shekhar Azad/चंद्रशेखर आजाद
(d) Chittarajan Das/चित्तरंजन दास

**Ans. (d) :** चितरंजन दास एक भारतीय राजनीतिज्ञ एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता थे। इन्हें 'देशबन्धु' उपनाम से जाना जाता है। इन्होंने वर्ष 1923 में मोतीलाल नेहरू के साथ मिलकर 'स्वराज पार्टी' का गठन किया था।

**41. National Rural Employment Programme (NREP) was launched in 1980 as a part of the:-**
**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (NREP)1980 में एक भाग के रूप में शुरू किया गया था:-**

(a) Fifth Five Year Plan/पांचवी पंचवर्षीय योजना
(b) Tenth Five Year Plan/दसवीं पंचवर्षीय योजना
(c) Sixth Five Year Plan/छठी पंचवर्षीरू योजना
(d) None of these/इनमें से कोई भी नहीं

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम को वर्ष 1980 में छठीं पंचवर्षीय योजना में गरीबी और बेरोजगारी को समाप्त करने के उद्देश्य से शुरू किया गया। छठीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 1980 से 1985 तक था।

**42. Who wrote Panchatantra?**
**पंचतंत्र किसने लिखा था?**

(a) Kalidas/कालिदास
(b) Vishnu Sharma/विष्णु शर्मा
(c) Tulsidas/तुलसीदास
(d) Mulla Nasrudin/मुल्ला नसरुद्दीन

**Ans. (b) :** 'पंचतंत्र' पुस्तक के लेखक विष्णु शर्मा है।

| लेखक | पुस्तक |
|---|---|
| तुलसीदास | रामचरित मानस, विनय पत्रिका |
| कालिदास | मेघदूत, कुमारसंभव |

**43. Priority Sector loans to SHGs are considered under............. category.**
**SHG को प्राथमिकता क्षेत्र ऋण.............. श्रेणी के अंतर्गत माना जाता है।**

(a) Weaker Section/कमजोर वर्ग
(b) None of these/इनमें से कोई भी नहीं
(c) Higher Section/उच्चतर वर्ग
(d) Middle Section/मध्य वर्ग

**Ans. (a) :** स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) समुदाय आधारित कमजोर वर्ग के संगठन होते है, जिनमें समान आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि वाले लोग अपनी समस्याओं को सुलझाने और अपनी आजीविका को बेहतर बनाने के लिए स्वेच्छा से एक साथ आते है।

**44. Panchayath Raj System is based on:-**
**पंचायती राज व्यवस्था............. पर आधारित है।**

(a) Democratic Decentralization/लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण
(b) Political Education/राजनीतिक शिक्षा
(c) Community development/सामुदायिक विकास
(d) Corporate responsibility/कॉर्पोरेट जिम्मेदारी

**Ans. (a) :** पंचायती राजव्यवस्था लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण के सिद्धांत पर आधारित है। पंचायती राजव्यवस्था भारतीय संविधान के भाग 9 एवं अनुसूचि 11 के तहत 73वें संविधान संशोधन से जोड़ा गया।

**45. The............... would have the discretion to decide on the interest rates applicable to loans given to Self Help Group/ member beneficiaries.**
**............ को स्व-सहायता समूहों/ सदस्य लाभार्थियों को दिए गए ऋणों पर लागू ब्याज दरों के बारे में निर्णय लेने का विवेक होगा।**

(a) RBI/आरबीआई
(b) Concerned Bank/संबंधित बैंक
(c) None of these/इनमें से कोई नहीं
(d) Regional Rural Banks/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

**Ans. (b) :** स्वयं सहायता समूहों या सदस्य लाभार्थियों को दिए गए ऋणों पर लागू ब्याज दरों के बारे में निर्णय लेने का विवेक संबंधित बैंक को होता है, जिसने ऋण प्रदान किया हो।

**46. The maternity leave period with full wage is:-**
**पूर्ण वेतन के साथ मातृत्व अवकाश की अवधि है:-**

(a) twelve weeks/बारह सप्ताह
(b) four months/चार महीने
(c) sixteen weeks/सोलह सप्ताह
(d) six months/छह महीने

**Ans. (d) :** भारत में पूर्ण वेतन के साथ मातृत्व अवकाश पहले दो बच्चों के लिए छह महीने (26 सप्ताह) का होता है तथा उसके बाद के बच्चों के लिए यह अवकाश 12 सप्ताह का होता है।

**47. The Rajya Sabha may have a maximum of how many members?**
**राज्यसभा में अधिकतम कितने सदस्य हो सकते हैं?**

(a) 250
(b) No fixed number/कोई निर्धारित संख्या नहीं
(c) 246
(d) 232

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 के अन्तर्गत राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 हो सकती है। इनमें से 12 सदस्यों को राष्ट्रपति द्वारा कला, साहित्य, विज्ञान, समाजसेवा या सहकारिता के क्षेत्र में विशेष ज्ञान या अनुभव वाले लोगों को मनोनीत किया जाता है।

**48. Public Distribution System is operated under the responsibility of:-**
**सार्वजनिक वितरण प्रणाली की जिम्मेदारी............ के तहत संचालित है।**

(a) Central/केंद्रीय
(b) Central and State/केंद्र और राज्य
(c) State/राज्य
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** सार्वजनिक वितरण प्रणाली की जिम्मेदारी संयुक्त रुप से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा मिलकर संचालित किया जाता है। इसका उद्देश्य सस्ती कीमतों पर कमजोर और गरीब परिवारों को बुनियादी खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

**49. The full form of MDP is:-**
**MDP का फुल फॉर्म है:-**

(a) Methods Development Plan/मेथड्स डेवलपमेंट प्लान
(b) Mean Democratic Participation/मीन डेमोक्रटिक पार्टिसिपेशन
(c) Major Development Project/मेजर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
(d) Manic Depressive Psychosis/मैनिक डिप्रेसिव साइकोसिस

**Ans. (d) :** MDP का फुल फार्म मैनिक डिप्रेसिव साइकोसिस है। यह एक दीर्घकालिक मनोदशा विकार है जो मनोदशा, ऊर्जा स्तर और व्यवहार में तीव्र बदलाव का कारण बनता है।

**50. Under the Indira Gandhi National Disability Pension Scheme (IGNDPS), which age group will get benefit?**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेशन योजना (IGNDPS) के तहत, किस आयु वर्ग को लाभ मिलेगा**

(a) 21 - 64
(b) 28 - 64
(c) 23 - 64
(d) 18 - 64

**Ans. (*) :** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (IGNDPS) के तहत 18 से 79 आयु वर्ग के लोगों को लाभ प्रदान किया जाता है। इसके अन्य पात्रता है- विकलांगता 80% या अधिक होनी चाहिए। व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता हो तथा भारतीय नागरिक हो IGNDPS योजना फरवरी 2009 में शुरू की गई।

# PRACTICE SET - 1

**1. निम्नलिखित में से किसने वर्ष 1503 में भारत में पहला यूरोपीय किला बनाया?**
(a) डच (b) अंग्रेज
(c) फ्रांसीसी (d) पुर्तगाली

**2. निम्नलिखित में से कौन ब्रह्म समाज से संबंधित नहीं है?**
(a) राजा राम मोहन राय (b) आत्माराम पांडुरंग
(c) केशव चंद्र सेन (d) देबेंद्रनाथ टैगोर

**3. निम्नलिखित में से किसने 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की थी।**
(a) सुरेंद्रनाथ बनर्जी (b) मोतीलाल नेहरू
(c) दादाभाई नौरोजी (d) सुभाष चंद्र बोस

**4. सिंधु घाटी की सभ्यता के निम्नलिखित स्थनों में से कौन-सा गुजरात में स्थित है?**
(a) कालीबंगा (b) रोपड़
(c) लोथल (d) बनवाली

**5. निम्नलिखित में से कौन पहला गैर-यूरोपीय था, जिसे 1913 में उसकी कृति 'गीतांजलि' के लिए साहित्य में नोबेल पुरस्कार मिला था?**
(a) बंकिम चंद्र चटर्जी (b) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(c) अबनिंद्रनाथ टैगोर (d) द्वारका नाथ टैगोर

**6. नेशनल डिजास्टर रिस्पाँस फोर्स एकेडमी (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अकादमी) की स्थापना किस शहर में की गई थी?**
(a) नागपुर (b) कानपुर
(c) भरतपुर (d) शिमला

**7. भारत का वन्यजीव संस्थान अवस्थित है**
(a) अल्मोड़ा में (b) देहरादून में
(c) भोपाल में (d) गुवाहाटी में

**8. निष्पादन प्रक्रिया में निर्देश चक्र का सही क्रम चुनें।**
(a) फैच → स्टोर → एक्सिक्यूट → डिकोड
(b) फैच → डिकोड→ एक्सिक्यूट → स्टोर
(c) स्टोर → डिकोड→ एक्सिक्यूट → फैच
(d) एक्सिक्यूट → फैच → डिकोड→ स्टोर

**9. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विभाग के समय इसके तीन अवयवों/घटकों में से एक नहीं था?**
(a) एन.एफ.एस.एम. – चावल
(b) एन.एफ.एस.एम. – गेहूँ
(c) एन.एफ.एस.एम. – दालें
(d) एन.एफ.एस.एम. – बाजरा

**10. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में किस आयु वर्ग के बच्चे/किशोर सम्मिलित हैं?**
(a) 8 से 15 वर्ष (b) 8 से 17 वर्ष
(c) 9 से 16 वर्ष (d) 10 से 19 वर्ष

**11. अटल नवोन्मेष मिशन (ए.आई.एम.) किस विभाग की प्रमुख पहल है?**
(a) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(b) नीति आयोग
(c) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
(d) विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय

**12. धारा घनत्व होता है**
(a) एक अदिश राशि (b) एक सदिश राशि
(c) विमाविहीन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13. नाभिकीय ऊर्जा, परिवर्तन है–**
(a) यूरेनियम का कणों में (b) पिण्ड का ऊर्जा में
(c) प्रोटॉन का न्यूट्रॉन में (d) प्रोटॉन का इलेक्ट्रॉन में

**14. लवणतायुक्त वातावरण-प्रेमी पौधों को क्या कहते हैं?**
(a) मरूदोद्भिद् (b) समोद्भिद्
(c) ग्लाइकोफाइट (d) लवणमृदोद्भिद्

**15. अगस्त 2025 में 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (WCL) 2025 का खिताब किस टीम ने जीता है।**
(a) पाकिस्तान (b) इंडिया
(c) इंग्लैण्ड (d) दक्षिण अफ्रीका

**16. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?**
(a) बानू मुस्ताक (b) ओपल सुचाता
(c) क्रिस्टीना पिस्जकोवा (d) केरोलीन लिसका

**17. अप्रैल 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को किस देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मित्र विभूषण' प्रदान किया गया?**
(a) जापान (b) मॉरीशस
(c) श्रीलंका (d) अमेरिका

**18. नीचे कौन सी आकृति दिए गए समूह से भिन्न (संबंधित नहीं) हैं?**




(a) B (b) D
(c) A (d) C

**19. निम्न में से विषम को पहचानिए।**




(a) B (b) A
(c) C (d) D

**20. नीचे चार पुरस्कार का उल्लेख किया गया है, उनमें से तीन किसी न किसी तरीके से एक समान है और एक असंगत है । असंगत का चयन कीजिए।**
(a) पद्म विभूषण (b) पद्म भूषण
(c) परम वीर चक्र (d) पद्म श्री

**21. यदि '<' दर्शाता है '-', '+' दर्शाता है '÷', '>' दर्शाता है '+', '-' दर्शाता है '·', '=' दर्शाता है '<', '×' दर्शाता है '>', तो निम्न में से कौन-सा कथन सही है-**
(a) $3 > 2 < 4 \times 8 + 4 < 2$
(b) $3 + 2 > 4 = 9 + 3 < 2$
(c) $3 + 2 < 4 \times 9 + 3 < 3$
(d) $3 > 2 > 4 = 18 + 3 < 1$

22. यदि '+' का अर्थ '×' हैं, '–' का अर्थ '+' हैं, '×' का अर्थ '÷' है, और '÷' का अर्थ '–' है, तो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न ( ? ) के स्थान पर क्या आएगा?

$4 + 22 \times 2 \div 4 - 9 = ?$

(a) 99 (b) 110 (c) 49 (d) 59

23. यदि Q का अर्थ '+' है, J का अर्थ '×' है, T का अर्थ '–' है, और K का अर्थ '÷' है, तो 52 K 4 Q 6 J 12 T 8 का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 45 (b) 83 (c) 68 (d) 77

24. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है, और चौथे पद का तीसरे पद से है।

RAHUL : 12 :: ZENUS : 17 :: VINAS : ?

(a) 13 (b) 11 (c) 15 (d) 14

25. अगर Artifacts : Museum तो Books : …….

(a) School (b) Book Shop
(c) Library (d) Shelf

26. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले से संबंधित है।

बिहार : झारखण्ड :: छत्तीसगढ़ : ?

(a) महाराष्ट्र (b) रांची
(c) रायपुर (d) मध्य प्रदेश

27. 2001 से 2006 तक की अवधि के दौरान एक कंपनी के लाभ और व्यय को दर्शाने वाले निम्नलिखित ग्रॉफ का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (राशियाँ लाख मे दी गई हैं)।




उन वर्षों की संख्या ज्ञात कीजिए, जिनमें दिए गए वर्षों के औसत लाभ से अधिक लाभ हुआ था ?

(a) 1 (b) 3 (c) 2 (d) 4

28. निम्न तालिका दिए गए वर्षों के दौरान पांच अलग अलग राज्यों से एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की एम.फिल. की प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों की संख्या के आंकड़े दर्शाती है। तालिका का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| राज्य / वर्ष | कश्मीर | बिहार | मध्य प्रदेश | पंजाब | दिल्ली |
|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | 300 | 440 | 250 | 350 | 280 |
| 2018 | 400 | 400 | 280 | 400 | 320 |
| 2019 | 450 | 350 | 240 | 260 | 260 |
| 2020 | 500 | 380 | 400 | 320 | 400 |
| 2021 | 430 | 420 | 540 | 280 | 350 |

2020 में बिहार से चयनित होने वाले छात्रों की संख्या, दिए गए सभी वर्षों में दिल्ली से चयनित छात्रों की कुल संख्या के लगभग कितने प्रतिशत के बराबर है?

(a) 20.5% (b) 23.6%
(c) 15.5% (d) 15.0%

29. निम्नलिखित पाई चार्ट पांच राज्यों P, Q, R, S और T के वन क्षेत्र को दर्शाता है। चार्ट पर विचार करें और उस पर आधारित सवालों के जवाब दें-




Q राज्य का क्षेत्रफल क्या होगा यदि कुल क्षेत्रफल 61700 sq. km है-

(a) 11686 sq. km (b) 12,340 sq. km
(c) 13,574 sq. km (d) 19,744 sq. km

30. 60 km की दूरी तय करने में, अर्जुन, रोहित से 2 घंटे अधिक लेता है। यदि अर्जुन अपनी चाल को दोगुना कर ले, तो वह रोहित से 1 घंटा कम समय लेगा। अर्जुन की आरंभिक चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 15 km/h (b) 25 km/h
(c) 5 km/h (d) 10 km/h

31. सीता, गीता, और रीता ने एक व्यापार में क्रमशः ₹20,000, ₹50,000 और ₹40,000 का निवेश किया। उनको एक वर्ष में प्राप्त कुल लाभ ₹12,100 था, जिसे उन्होंने अपने निवेशों के अनुपात में बांट लिया। रीता को प्राप्त हुआ लाभांश ज्ञात कीजिए।

(a) ₹4,300 (b) ₹4,100
(c) ₹4,400 (d) ₹4,200

32. यदि एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹4, 500 है और विक्रय मूल्य ₹3, 500 है, तो हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) $44\frac{2}{9}\%$ (b) $55\frac{2}{9}\%$ (c) $22\frac{2}{9}\%$ (d) $33\frac{2}{9}\%$

33. ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करने पर, 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर निवेशित कोई धनराशि 2 वर्ष में ₹ 10,164 हो जाती है। निवेश की गई धनराशि कितनी थी ?

(a) ₹8,300 (b) ₹8,400
(c) ₹8,200 (d) ₹8,800

34. एक निश्चित वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर एक वर्ष के लिए निवेशित एक निश्चित धनराशि की परिपक्वता पर देय मिश्रधन ₹ 1,484 था। यदि ब्याज दर 2% अधिक होती, तो प्राप्त मिश्रधन ₹ 26.50 अधिक होता। मूल दर पर निवेशित धनराशि पर कितना ब्याज दिया गया था?

(a) ₹ 152.50 (b) ₹ 161
(c) ₹ 157 (d) ₹ 159

35. चार सप्ताह की अवधि के दौरान आवश्यक वस्तुओं पर एक परिवार का साप्ताहिक व्यय ₹1475 था। पहले तीन सप्ताहों के दौरान परिवार में ऐसी वस्तुओं पर क्रमशः ₹1200, ₹1500 और ₹1875 व्यय किए। साप्ताहिक औसत को बनाए रखने के लिए अंतिम सप्ताह में परिवार ने इन वस्तुओं पर कितना व्यय किया?

(a) ₹1275 (b) ₹1375
(c) ₹1325 (d) ₹1225

**36. यदि A की आय, B की आय से 15% अधिक है और B की आय C की आय से 20% कम है, तो क्रमशः A, B और C की आय का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(a) 23 : 20 : 25 (b) 25 : 23 : 20
(c) 20 : 23 : 25 (d) 23 : 25 : 20

**37. एक गणित प्रश्नोत्तरी में कक्षा-10 के 64 विद्यार्थी भाग लेते हैं। यदि लड़कियों की संख्या, लड़कों की संख्या से 16 अधिक है, तो प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या और विद्यार्थियों की कुल संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(a) 4 : 9 (b) 3 : 5
(c) 3 : 8 (d) 5 : 8

**38. एक कस्बे की जनसंख्या 224375 है। यदि यह प्रतिवर्ष 4% की दर से बढ़ती है, तो 2 वर्ष बाद इसकी जनसंख्या कितनी होगी ?**

(a) 232846 (b) 236864
(c) 240468 (d) 242684

**39. नीचे कंपनी का संपर्क नंबर और पता दिया गया है। चार विकल्पों में से केवल एक बिल्कुल सही है।**

**दिया गया विवरण :**

**Mobile : 9876543210**

**Address : 21, Knowledge Park-II, Greater Noida – 201310**

(a) Mobile : 9876543210,
Address : 21, Knowledge Park-II, Greater Noida – 201310
(b) Mobile : 9876543201,
Address : 21, Knowledge Park-II, Greater Noida – 201310
(c) Mobile : 9876543210,
Address : 12, Knowledge Park-II, Greater Noida – 201310
(d) Mobile : 9876543210,
Address : 21, Knowledge Park-I, Greater Noida – 201310

**40. नीचे कंपनी का CIN (Corporate Identity Number) दिया गया है। इसे ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।**

**दिया गया CIN नंबर :**

**ID U12345UP2015PTC098765**

(a) U12345UP2015PTC098765
(b) U12354UP2015PTC098765
(c) U12345UP2016PTC098765
(d) U12354UP2015PTC098756

**41. एमएस वर्ड में फॉन्ट डायलॉग बॉक्स खोलने का शॉर्टकट क्या है?**

(a) Ctrl + Q (b) Ctrl + Shift + D
(c) Ctrl + Shift + F (d) Ctrl + F

**42. एमएस वर्ड 365 (MS Word 365) डॉक्यूमेंट में तालिका बनाने के लिए इन्सर्ट टैब (Insert Tab) के टेबल ग्रुप (Table gourp) से निम्नलिखित में से किस विकल्प का उपयोग किया जाता है?**

(a) पेस्ट (b) टेबल
(c) कॉपी (d) कट

**43. एक्सेल फार्मूलों में "$" चिह्न क्या दर्शाता है?**

(a) यह एक वित्तीय मूल्य को प्रदर्शित करता है।
(b) यह एक विशिष्ट प्रकार के डेटा फॉर्मेट को दर्शाता है।
(c) यह एक एब्सोल्यूट सेल रेफरेंस को इंगित करता है।
(d) इसका प्रयोग सेलों को चिह्नांकित (हाइलाइट) करने के लिए किया जाता है।

**44. Microsoft Excel 365 में चयनित टेक्स्ट या सेल को कॉपी करके उसी वर्कशीट में नए स्थान पर पेस्ट करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?**

(a) Ctrl + V (b) Ctrl + C
(c) Ctrl + D (d) Ctrl + X

**45. एमएस पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में स्लाइड को इन्सर्ट करने और डिलीट करने में सक्षम होने का प्राथमिक लाभ क्या हैं?**

(a) अलग-अलग स्लाइडों पर अलग-अलग टेम्पलेट अप्लाई करना
(b) मल्टीमीडिया कंटेंट के एडिशन (Addition) को इनेबल करना
(c) डायनामिक कंटेंट के समायोजन और व्यवस्थापन की सुविधा होना
(d) स्लाइड ट्रांजिशन को एनहैन्स (Enhance) करना

**46. एमएस-पॉवरप्वॉइंट 2010 (MS-Excel 2010) में फाइल → प्रिंट (File → Print) के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा, एक वैध कलर सेटिंग विकल्प नहीं है?**

(a) प्योर ब्लैक एण्ड व्हाइट (b) कलर
(c) ग्रेस्केल (d) मल्टीप्लेक्स कलर

**47. निम्नलिखित में से कौन-सा कंप्यूटर के माध्यम से दो उपयोगकर्ताओं के बीच वास्तविक समय संचार है?**

(a) हब (b) गेटवे
(c) इंटरनेट (d) चैट

**48. किसी ईमेल का रिप्लाई देते समय 'Reply' और 'Reply all' के बीच मुख्य अन्तर क्या होता है?**

(a) 'Reply' विशिष्ट कांटेक्स्ट को ई-मेल फॉरवर्ड करता है, जबकि 'Reply all' एड्रेस बुक में सभी कांटेक्ट्स को मूल ई-मेल फारवर्ड करता है
(b) 'Reply' केवल मूल सेंडर को जवाब भेजता है, जबकि 'Reply all' मूल ईमेल के सभी रेसिपिएंट्स को जवाब भेजता है।
(c) 'Reply' आपको जवाब भेजने से पहले मूल ईमेल के कंटेंट को एडिट करने की सुविधा देता है, जबकि 'Reply all' स्वतः रिस्पांस में सम्पूर्ण मूल ई-मेल के कंटेंट को शामिल करता है।
(d) 'Reply' मूल ई-मेल से किसी भी फाइल को अटैच करता है, जबकि 'Reply all' जवाब में सम्पूर्ण मूल ई-मेल के कंटेंट के साथ-साथ किसी भी अटैचमेंट को शामिल कर सकते हैं।

**49. "HTTP 404 त्रुटि (एरर)'' शब्द क्या दर्शाता है?**
(a) सर्वर अतिभारित (ओवरलोड) है और अनुरोध संसाधित नहीं कर सकता
(b) वेबपेज अस्थायी रूप से अनुपलब्ध है
(c) सर्वर पर अनुरोधित संसाधन नहीं मिल सका
(d) सर्वर से कनेक्शन सुरक्षित नहीं है

**50. -------एक ऐसी इमेज (image) है, जो कंप्यूटर को कुछ समय के लिए निष्क्रिय (idle) छोड़ने पर स्क्रीन पर पूरी भर जाती है।**
(a) शॉर्टकट मेन्यू (b) वॉलपेपर
(c) सिस्टम ट्रे (d) स्क्रीन सेवर

**51. बचत का अर्थ है–**
(a) आय-व्यय (b) व्यय-आय
(c) ऋण-आय (d) पंजी-लाभ

**52. बजट क्या है?**
(a) आय को अनुमान
(b) आय और व्यय का अनुमान
(c) केवल व्यय का अनुमान
(d) करों का विवरण

**53. स्वयं सहायता समूह में सदस्यों की न्यूनतम संख्या कितनी होनी चाहिए?**
(a) 5 (b) 10
(c) 15 (d) 20

**54. दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(a) शहरी गरीबों को रोजगार प्रदान करना।
(b) ग्रामीण गरीबों को कौशल विकास के माध्यम से स्थायी आजीविका प्रदान करना।
(c) केवल महिलाओं को वित्तीय सहायता देना।
(d) गरीबों को मुफ्त राशन प्रदान करना

**55. PMGSY के अन्तर्गत सड़क न्यूनतम चौड़ाई मैदानी क्षेत्रों में कितनी होती है?**
(a) 3 मीटर (b) 3.75 मीटर
(c) 4.5 मीटर (d) 5 मीटर

**56. मुख्यमंत्री बालिका/बालक साइकिल योजना का उद्देश्य क्या है?**
(a) वृद्धों को पेंशन देना
(b) छात्राओं/छात्रों को साइकिल प्रदान करना
(c) कृषि को सब्सिडी देना
(d) अस्पताल निर्माण

**57. बिहार सरकार द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना का शुरु किया गया था?**
(a) 2016 (b) 2017
(c) 2018 (d) 2020

**58. बिहार राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्सोहित करने के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति को कब लाया गया था?**
(a) 2016 (b) 2015
(c) 2003 (d) 2007

**59. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत घर बनाने के लिए कितनी किश्तों में राशि दी जाती है?**
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**60. ''समुदाय आधारित संगठन'' का मुख्य कार्य क्या होता है?**
(a) धार्मिक प्रचार
(b) व्यक्तिगत लाभ
(c) निजी उद्योग
(d) सामूहिक समस्या समाधान

**61. स्वयं सहायता समूह की सफलता के लिए आवश्यक है-**
(a) मजबूत नेतृत्व (b) नियमित बैठकें
(c) सदस्यों का सहयोग (d) उपर्युक्त सभी

**62. बिहार में ग्राम संगठन और CLF को किस बड़े लक्ष्य से जोड़ा गया है?**
(a) केवल पंचायत चुनाव
(b) शिक्षा सुधार
(c) महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन
(d) सरकारी नौकरी उपलब्ध कराना

**63. निम्न में से कृषि आधारित आजीविका का हिस्सा नहीं है।**
(a) गेहूँ की खेती (b) पशुपालन
(c) मछली पकड़ना (d) खिलौनों का निर्माण

**64. निम्नलिखित में से कौ सा देश विश्व का दूसरा सबसे बड़ा पोल्ट्री बाजार है–**
(a) चीन (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) भारत (d) आस्ट्रेलिया

**65. निम्न में से किस जिले में चाय उद्योग केन्द्रित है**
(a) किशनगंज (b) नवादा
(c) अररिया (d) रोहतास

**66. मनरेगा अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ था?**
(a) 2002 (b) 2005
(c) 2010 (d) 2015

**67. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना कब शुरू हुआ?**
(a) 2005 (b) 2007
(c) 2010 (d) 2012

**68. ग्रामीण विकास का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(a) शहरीकरण
(b) ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास
(c) औद्योगिकीकरण
(d) नगरीय प्रशासन

**69. ग्रामीण रोजगार के लिए ''TRYSEM'' कब शुरू किया गया?**
(a) 1979 (b) 1980
(c) 1982 (d) 1985

**70. एक पंचायत का सामान्य कार्यकाल कितना होता है?**
(a) 3 वर्ष (b) 4 वर्ष
(c) 5 वर्ष (d) 6 वर्ष

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 11. (b) | 21. (a) | 31. (c) | 41. (c) | 51. (a) | 61. (d) |
| 2. (b) | 12. (b) | 22. (c) | 32. (c) | 42. (b) | 52. (b) | 62. (c) |
| 3. (d) | 13. (b) | 23. (d) | 33. (b) | 43. (c) | 53. (b) | 63. (d) |
| 4. (c) | 14. (d) | 24. (a) | 34. (d) | 44. (b) | 54. (b) | 64. (c) |
| 5. (b) | 15. (d) | 25. (c) | 35. (c) | 45. (c) | 55. (b) | 65. (a) |
| 6. (a) | 16. (b) | 26. (d) | 36. (a) | 46. (d) | 56. (b) | 66. (b) |
| 7. (b) | 17. (c) | 27. (b) | 37. (c) | 47. (d) | 57. (c) | 67. (b) |
| 8. (b) | 18. (d) | 28. (b) | 38. (d) | 48. (b) | 58. (a) | 68. (b) |
| 9. (d) | 19. (c) | 29. (c) | 39. (a) | 49. (c) | 59. (b) | 69. (a) |
| 10. (d) | 20. (c) | 30. (d) | 40. (a) | 50. (d) | 60. (d) | 70. (c) |

## SOLUTION

**1. (d)**
यूरोपीय शक्तियों में पुर्तगाली कंपनी ने भारत में सबसे पहले प्रवेश किया। भारत के लिए नए समुद्री मार्ग की खोज पुर्तगाली व्यापारी वास्कोडिगामा ने 20 मई, 1498 को भारत के पश्चिमी तट पर अवस्थित बंदरगाह कालीकट पहुंचकर की। भारत में प्रथम पुर्तगाली फैक्ट्री की स्थापना 1503 ई. में कोचीन में की गई तथा द्वितीय फैक्ट्री की स्थापना 1505 ई. में कन्नूर में की गई।

**2. (b)**
ब्रह्म समाज की स्थापना राजा राममोहन राय ने कलकत्ता में 20 अगस्त 1828 को की जिसका उद्देश्य था तत्कालीन हिन्दु समाज में व्याप्त बुराईयो जैसे सती प्रथा, बहुविवाह, अस्पृश्यता आदि को समाप्त करना। कालान्तर में देवेन्द्रनाथ टैगोर और केशव चन्द्र सेन इस संस्था से जुडे। जबकि आत्माराम पांडुरंग 'प्रार्थना समाज' से जुड़े थे।

**3. (d)**
वर्ष 1939 में सुभाष चन्द्र बोस ने 'फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की थी। इसके अतिरिक्त जर्मनी में सुभाष चन्द्र बोस द्वारा 'फ्री इण्डिया सेंटर' की स्थापना की गयी, इसी संस्था द्वारा सुभाष चन्द्र बोस ने प्रथम बार 'जय हिन्द' का नारा दिया। 21 अक्टूबर, 1943 में सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार का गठन किया। सुभाष चन्द्र बोस ने ही महात्मा गाँधी को प्रथम बार 'राष्ट्रपिता' कहकर संबोधित किया था।

**4. (c)**
'लोथल' सिंधु घाटी सभ्यता का प्रमुख स्थल है। यह गुजरात राज्य में स्थित है। यह बंदरगाह नगर है, जो भोगवा नदी के तट पर स्थित था। इस स्थल की खोज 1957 ई. में एस.आर.राव ने किया था।

**5. (b)**
साल 1913 में रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी कृति 'गीतांजलि' के लिए साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय और पहले एशियाई थे। टैगोर को 1915 में नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया था, लेकिन उन्होंने 1919 में अमृतसर (जलियांवाला बाग) नरसंहार के विरोध में इस सम्मान को वापस कर दिया था।

**6. (a)**
नेशनल डिजास्टर रिस्पाँस फोर्स एकेडमी (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अकादमी) की स्थापना नागपुर में की गई थी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) एक बहुकुशल और अत्यधिक विशेषज्ञ बल है जो बाढ़ चक्रवात, भूकंप, भूस्खलन, भवन के ढहने, ट्रेन एवं सड़क दुर्घटना, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) आपातस्थिति, जंगल की आग आदि जैसी सभी प्रकार की प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं से निपटने में सक्षम है।

**7. (b)**
भारत का वन्यजीव संस्थान देहरादून में अवस्थित है। इसकी स्थापना 1982 में की गयी।

**8. (b)**
निष्पादन प्रक्रिया में निर्देश चक्र वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) एक प्रोग्राम के निर्देश को पढ़ता है और उन्हें पूरा करता है। इस प्रक्रिया के चरण निम्न हैं–
फैच – डिकोड – एक्सिक्यूट – स्टोर

**9. (d)**
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) की शुरूआत 2007-08 में की गई थी। प्रारम्भ में इसके तीन घटक थे एन.एफ.एस.एम.-चावल, एन.एफ.एस.एम.-गेहूँ, एन.एफ.एस.एम.-दालें। बाद में इसमें अन्य फसलें जैसे बाजरा (मोटे अनाज) आदि को जोड़ा गया, लेकिन प्रांरभिक चरण में बाजरा इसका हिस्सा नहीं था। इसलिए विकल्प (d) सही है।

**10. (d)**
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में 10 से 19 के आयु वर्ग के बच्चे और किशोर शामिल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करना है, जिसमें पोषण, प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे शामिल है।

**11. (b)**
अटल नवोन्मेष मिशन (ए.आई.एम.) देश में नवोन्मेष तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग की एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य देश में नवोन्मेष Innovation हेतु उपयुक्त माहौल का निर्माण करना है। अटल नवोन्मेष के दो अन्य अनुभाग अटल टिकरिंग लैब और अटल इन्क्यूबेशन सेंटर है।

**12. (b)**
चालक माध्यम के भीतर किसी पृष्ठ के लम्बवत दिशा में इकाई क्षेत्रफल के द्वारा प्रवाहित होने वाली विद्युत धारा, धारा घनत्व कहलाती है। यह एक सदिश राशि है, जबकि धारा स्वयं एक अदिश राशि होती है। धारा घनत्व को (J) से प्रदर्शित करते है। इसका SI मात्रक एम्पियर/मीटर$^2$ होता है।

**13. (b)**
नाभिकीय ऊर्जा पिण्ड का ऊर्जा में परिवर्तन है। किसी रेडियोएक्टिव तत्व के नाभिक में होने वाले परिवर्तनों के दौरान नाभिक के द्रव्यमान में होने वाली क्षति का ऊर्जा में परिवर्तन के परिणाम स्वरूप प्राप्त ऊर्जा की कुल राशि नाभिकीय ऊर्जा कहलाती है। नाभिकीय ऊर्जा नाभिकीय विखण्डन और नाभिकीय संलयन प्रक्रिया से उत्पन्न होती है।

**14. (d)**
लवणतायुक्त वातावरण प्रेमी पौधों को लवणमृदोद्भिद् कहते हैं। इस प्रकार के पौधों का विकास लवणीय मिट्टी में अच्छी तरह से होता है। अधिकांश लवणमृदोद्भिद् में पत्ते मोटे, पूरे रसीले, आमतौर पर छोटे आकार के होते हैं और अक्सर दिखने में काँच के समान चमकीले होते हैं।

**15.** (d)
वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (WCL) एक क्रिकेट टूर्नामेंट है जिसमें सन्यास ले चुके (रिटायर्ड) दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेते है। वर्ष 2025 का खिताब दक्षिण अफ्रीका ने जीता है। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका चैंपियन ने पाकिस्तान चैंपियन को 9 विकेट से हराया।

**16.** (b)
72वें मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंग ने जीता। इसका आयोजन भारत के हैदराबाद शहर में किया गया था।

**17.** (c)
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत और श्रीलंका के बीच दीर्घकालीक ऐतिहासिक संबंधों और मैत्रीपूर्ण संबंधो को मजबूत करने में योगदान के लिए श्रीलंका द्वारा 'मित्र विभूषण' प्रदान किया गया।

**18. (d)**
आकृति C समूह से संबंधित नहीं है क्योंकि इसमें नीला गुब्बारा 4 है और लाल गुब्बारा 2 है जबकि अन्य में 3 लाल है तथा 3 नीले गुब्बारे है अतः विकल्प (d) सही है।

**19. (c)**
चित्र-C को छोड़कर अन्य सभी के दर्पण प्रतिबिम्ब में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

**20. (c)**
परमवीर चक्र सैनिकों के असाधारण वीरता और बलिदान के लिये दिया जाने वाला सम्मान है। यह सैनिको को मरणोपरान्त भी दिया जाता है।
जबकि पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार किसी भी क्षेत्र में असाधारण और उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रदान किया जाता है।
अतः विकल्प (c) सभी विकल्पों से असंगत है।

**21. (a)**
विकल्प (a) से-
$3 > 2 < 4 \times 8 + 4 < 2$
चिह्न परिवर्तित करने पर,
$= 3 + 2 - 4 > 8 \div 4 - 2$
$= 5 - 4 > 2 - 2$
$= 1 > 0$
अतः विकल्प (A) सही है।

**22. (c)**
दिए गए समी. से–
$4 + 22 \times 2 \div 4 - 9 = ?$
दिए गए समी. में चिह्नों को प्रतिस्थापित करने पर–
$\Rightarrow 4 \times 22 \div 2 - 4 + 9 = ?$
$\Rightarrow 4 \times 11 - 4 + 9$
$\Rightarrow 44 + 5 = ?$
$\therefore ? = 49$

**23.** (d)
दिया है–
Q का अर्थ $\rightarrow +$
J का अर्थ $\rightarrow \times$
T का अर्थ $\rightarrow -$
K का अर्थ $\rightarrow \div$
तब– 52 K 4 Q 6 J 12 T 8 का मान–
$= 52 \div 4 + 6 \times 12 - 8$
$= 13 + 6 \times 12 - 8$
$= 13 + 72 - 8$
$= 85 - 8$
$= 77$

**24. (a)**
जिस प्रकार,
$$\overset{18}{R}\ \overset{1}{A}\ \overset{8}{H}\ \overset{21}{U}\ \overset{12}{L} \rightarrow \frac{18+1+8+21+12}{5} = 12$$
और,
$$\overset{26}{Z}\ \overset{5}{E}\ \overset{14}{N}\ \overset{21}{U}\ \overset{19}{S} \rightarrow \frac{26+5+14+21+19}{5} = 17$$
उसी प्रकार,
$$\overset{22}{V}\ \overset{9}{I}\ \overset{14}{N}\ \overset{1}{A}\ \overset{19}{S} \rightarrow \frac{22+9+14+1+19}{5} = 13$$
**Note**– अक्षरों के वर्णमाला क्रमांक को जोड़कर 5 से भाग दिया गया है।

**25. (c)**
जिस तरह Artifacts (कलाकृतियों) को Museum (संग्रहालय) में रखा जाता है, उसी प्रकार Books (किताबों) को Library (पुस्तकालय) में रखा जाता है।

**26. (d)**
जिस प्रकार झारखण्ड राज्य का गठन बिहार राज्य को विभाजित करके किया गया है। उसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य का गठन मध्य प्रदेश राज्य को विभाजित करके किया गया है।

**27. (b)**
$$\text{औसत लाभ} = \frac{\text{कुल वर्षों में प्राप्त लाभों का योग}}{\text{कुल वर्षों की संख्या}}$$
$$= \frac{45+35+65+75+85+95}{6}$$
$$\text{औसत लाभ} = \frac{400}{6} = 66.66 \text{ लाख}$$
ग्राफ से स्पष्ट है कि तीन वर्षों (2004, 2005 व 2006) का लाभ (क्रमशः 75, 85, 95 लाख) उनके औसत लाभ (66.66 लाख) से अधिक है।

**28. (b)**
तालिका अध्ययन द्वारा-
वर्ष 2020 में बिहार से चयनित होने वाले छात्रों की संख्या = 380
दिए गए सभी वर्षो में दिल्ली से चयनित छात्रों की कुल संख्या = 280 + 320 + 260 + 400 + 350 = 1610
$$\% = \frac{380}{1610} \times 100 = 23.60\%$$

**29. (c)**
Q राज्य का क्षेत्रफल
$$= 61700 \times \frac{22}{100} = 617 \times 22 = 13574 \text{ sq. km}$$

**30. (d)**
माना अर्जुन और रोहित की चाल क्रमश; x km/h और y km/h है।
$$\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$$
$$\frac{60}{x} - \frac{60}{y} = 2 \text{ ——— (1)}$$
$$\frac{60}{y} - \frac{60}{2x} = 1 \text{ ——— (2)}$$
समी. (1) और समी. (2) से,
$$\frac{60}{2x} = 3$$
x = 10km/h
अतः अर्जुन की आरम्भिक चाल 10 km/h है।

**31. (c)**
सीता, गीता, और रीता का लाभांश में अनुपात
= समान समय के लिए निवेश की गयी उनकी धनराशियों का अनुपात
= 20,000 : 50,000 : 40,000
= 2 : 5 : 4
अतः वर्ष के अंत में ₹12,100 का लाभ प्राप्त हो तो रीता का लाभांश

$= 12{,}100 \times \frac{4}{11} =$ ₹4,400

**32. (c)**
वस्तु का क्रय मूल्य (CP) = ₹4500
विक्रय मूल्य (SP) = ₹3500

$\%$ हानि $= \frac{CP - SP}{CP} \times 100$

$= \frac{4500 - 3500}{4500} \times 100 = \frac{1000}{4500} \times 100 = \frac{1000}{45}$

$= 22\frac{2}{9}\%$

**33. (b)**
दिया है,

$A = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^n$

A=मिश्रधन, P=मूलधन, n=समय, r = दर

$10164 = P\left(1 + \frac{10}{100}\right)^2 \Rightarrow 10164 = P \times \frac{11}{10} \times \frac{11}{10}$

$\Rightarrow P = \frac{10164 \times 100}{121}$

$\therefore$ P = ₹8400

**34. (d)**
माना मूलधन = ₹ P
प्रश्नानुसार, P का 2% = 26.50

$P = \frac{26.50 \times 100}{2}$ = ₹ 1325

साधारण ब्याज = मिश्रधन - मूलधन
= 1484 - 1325 = ₹ 159

**35. (c)**
माना अन्तिम सप्ताह में व्यय राशि = ₹x

औसत $= \frac{\text{सप्ताहों का खर्च}}{\text{सप्ताह की संख्या}}$

$1475 = \frac{1200 + 1500 + 1875 + x}{4}$

$5900 - 4575 = x$
x = ₹1325

**36. (a)**
प्रश्नानुसार,

$A = B \times \frac{115}{100}$

$\frac{A}{B} = \frac{23}{20}$

$B = C \times \frac{80}{100}$

$\frac{B}{C} = \frac{20}{25}$

अतः A : B : C = 23 : 20 : 25

**37. (c)**
माना लड़कों की संख्या = x
लड़कियों की संख्या = (x+16)
प्रश्नानुसार,
$\because x + x + 16 = 64$
$2x = 48$
$x = 24$
अतः लड़कों की संख्या = 24

लड़कों की संख्या का कुल विद्यार्थियों से अनुपात $= \frac{24}{64} = \frac{3}{8}$

**38. (d)**
प्रश्नानुसार,

2 वर्ष बाद कस्बे की जनसंख्या $= 224375 \times \left(1 + \frac{4}{100}\right)^2$

$= 224375 \times \frac{26}{25} \times \frac{26}{25}$

$= 242684$

**39.** (a)
विकल्प (a) में दिया गया मोबाइल नंबर व पता प्रश्नगत पूर्णयता सही है इसमें न तो कोई त्रुटि है और न ही कोई जानकारी छूटी है। जबकि अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**40.** (a)
विकल्प (a) में दिया गया CIN नंबर प्रश्नगत पूर्णयता सही है इसमें न तो कोई त्रुटि है और न ही कोई जानकारी छूटी है। जबकि अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**41.** (c)
एम एस वर्ड में फॉन्ट डायलॉग बॉक्स खोलने का शॉर्टकट कुंजी Ctrl + Shift + F होता है, इसका उपयोग करके डॉक्युमेंट में फॉन्ट सेटिंग्स को कस्टमाइज कर सकते हैं।

Ctrl + Q → पैराग्राफ से सभी फॉर्मेटिंग हटाने के लिए उपयोग होता है।

Ctrl + Shift + D → डबल अंडरलाइन लगाने के लिए उपयोग होता है।

Ctrl + F → 'Find' डायलॉग बॉक्स खोलने के लिए उपयोग होता है।

**42. (b)**
एमएस वर्ड 365 में तालिका बनाने के लिए Insert टैब में Table विकल्प का उपयोग किया जाता है। यह विकल्प टेबल बनाने, टेबल ड्रॉ करने और टेबल को डिजाइन करने के लिए उपयोग किया जाता है।

**43. (c)**
"$" (डॉलर) चिन्ह का उपयोग एक्सेल में Absolute cell Reference के लिए किया जाता है। जब किसी सेल के एड्रेस में "$" जोड़ा जाता है, तो वह सेल एड्रेस फिक्स हो जाता है और उसे किसी भी दिशा में कॉपी करने पर भी वह नही बदलता है।

उदा. ⇒ $A$1 → यह पूरी तरह से स्थिर (absalute) है।
A$1 → यह रो (ROW) स्थिर रखता है लेकिन कॉलम बदल सकता है।
$A1 → यह कॉलम स्थिर रखता है लेकिन रो बदल सकता है।

**44. (b)**
माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल 365 में चयनित टेक्स्ट या सेल को कॉपी करके उसी वर्कशीट में नए स्थान पर पेस्ट (Paste) करने के लिए कीबोर्ड शॉर्टकट की
कॉपी करने के लिए - Ctrl + C
पेस्ट करने के लिए - Ctrl + V

**45. (c)**
स्लाइड को इन्सर्ट और डिलीट करने की सुविधा प्रेजेंटेशन में कंटेंट को व्यवस्थित और समायोजित करने में सहायक होती है। इससे आप आवश्यकतानुसार नई स्लाइड जोड़ सकते हैं, पुरानी स्लाइड हटा सकते हैं और प्रेजेंटेशन को अधिक प्रभावी और संरचित बना सकते हैं। यह कंटेंट को डायनामिक और प्रेजेंटेशन को उपयोगकर्ता के उद्देश्य के अनुरूप बनाने में मदद करता है।

**46. (d)**
एम.एस. पॉवर प्वॉइंट 2010 में फाइल मेनू के अन्तर्गत प्रिंट कमांड में वैलिड कलर सेटिंग Pure black and white, color, grayscale, स्थित होती है जिसका स्टेप निम्न है-

File → Print → color/Grayscale

**47. (d)**
Chat, कंप्यूटर के माध्यम से दो उपयोगकर्ताओं के बीच वास्तविक समय संचार का एक रूप है। यह उपयोगकर्ताओं को तुरंत संदेश भेजने और प्राप्त करने की अनुमति देता है, जिससे तत्काल बातचीत की सुविधा मिलती है।

**48. (b)**
Reply और Reply All का मुख्य अंतर है कि Reply, यह केवल उस व्यक्ति को उत्तर भेजता है जिसने ईमेल भेजा है और Reply all, यह ईमेल के सभी प्राप्तकर्ताओं (जिन्हें CC या To में जोड़ा गया है) को उत्तर भेजता है।

**49. (c)**
HTTP 404 एरर का अर्थ है कि ''सर्वर पर अनुरोधित संसाधन नहीं मिल सका''
यह एरर तब उत्पन्न होती है जब ब्राउजर जिस वेब पेज को खोज रहा है होता है। वह सर्वर पर उपलब्ध नहीं होता है।

**50. (d)**
स्क्रीन सेवर एक इमेज है जो जब भी कंप्यूटर को कुछ समय के लिए निष्क्रिय छोड़ दिया जाता है तो यह स्क्रीन पर भर जाती है। एक कंप्यूटर प्रोग्राम जो निश्चित समय तक कंप्यूटर का उपयोग नहीं करने पर स्क्रीन पर मौजूद चीज़ों को एक चलती हुई इमेज से बदल देता है।

**51.** (a)
जब आय से खर्च घटा दिया जाता है, तो शेष को बचत कहते हैं।
अतः बचत = आय – व्यय

**52.** (b)
बजट एक वित्तीय योजना है, जो किसी विशिष्ट अवधि के लिए आय और व्यय का अनुमान लगाती है। यह सरकार, संगठन या व्यक्तियों द्वारा बनाया जाता है।

**53.** (b)
स्वयं सहायता समूह में सदस्यों की न्यूनतम संख्या 10 होती है। समूह को सुचारू रूप से चलाने और सामूहिक निर्णय लेने के लिए उतने सदस्य आवश्यक हैं जिससे कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया बनी रहे और हर सदस्य को सहभागिता का मौका मिले।

**54.** (b)
दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को कौशल विकास के माध्यम से स्थायी आजीविका प्रदान करना हैं।

**55. (b)**
PMGSY के अन्तर्गत सड़क की न्यूनतम चौड़ाई IRC मानकों के अनुसार 3.75 मीटर है।

**56. (b)**
मुख्यमंत्री बालिका/बालक साइकिल योजना शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लड़कियों और लड़कों को साइकिल प्रदान करती है।

**57.** (c)
बिहार सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2018 को सतत जीविकोपार्जन योजना को शुरु किया गया था।

**58.** (a)
बिहार राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016 को लाया गया था।

**59.** (b)
प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत घर निर्माण के लिए धनराशि 3 किश्तों में दी जाती है।

**60.** (d)
''समुदाय आधारित संगठन'' का मुख्य कार्य सामूहिक समस्या का समाधान करना होता है। इसके माध्यम से समुदाय के सभी लोगों का कल्याण संभव हो।

**61.** (d)
स्वयं सहायता समूह की सफलता के लिए सदस्यों की नियमित बैठकें, आपसी मजबूत नेतृत्व के साथ-साथ सदस्यों का आपसी सहयोग आवश्यक होता है।

**62.** (c)
महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन के माध्यम से जीविका, ग्राम संगठन और CLF का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और गरीबी मिटाना है।

**63.** (d)
फसलों का उत्पादन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कृषि वानिकी, बागवानी, मत्स्य पालन, आदि कृषि आधारित आजीविका के स्रोत हैं। खिलौना निर्माण द्वितीयक क्षेत्र से संबंधित है।

**64.** (c)
भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा पोल्ट्री बाजार है।

**65.**(a)
किशनगंज में सात चाय प्रसंस्करण संयंत्र लगाए गए है। किशनगंज जिले में लगभग 50000 एकड़ भूमि पर चाय की खेती की जाती ह।

**66.** (b)
मनरेगा अधिनियम 2005 में भारत सरकार द्वारा पारित एक श्रम कानून है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का अकुशल शारीरिक श्रम का कानूनी गारंटीकृत रोजगार प्रदान करना है।

**67.** (b)
राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अगस्त 2007 में शुरू हुआ। जिसका लक्ष्य कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना था। यह 11वीं पंचवर्षीय योजना में शुरू हुआ और 2017-18 में इसे RKVY-RAFTAAR में बदल दिया गया। इस योजना का उद्देश्य कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 4% वार्षिक वृद्धि दर प्राप्त करना है।

**68. (b)**
ग्रामीण विकास का उद्देश्य केवल कृषि नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, सामाजिक व आर्थिक उन्नति सहित समग्र विकास है।

**69. (a)**
TRYSEM (Training of Rural Youth for Self Employment) का उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्व-रोजगार दिलाना था।

**70. (c)**
73वें संशोधन के बाद पंचायतों को सामान्यतः कार्यकाल 5 वर्ष निर्धारित है। कार्यकाल की समाप्ति पर पुनः चुनाव आयोजित किए जाते हैः सिवाय असाधारण हालात में समयपूर्व विघटन के।

# PRACTICE SET - 2

**1. ब्रिटिश सेना और डच सेना के बीच बेदारा का युद्ध (Battle of Bedara) कब लड़ा गया था?**
(a) 1759 (b) 1772
(c) 1764 (d) 1760

**2. राजा राम मोहन राय की पुस्तक 'गिफ्ट टू मोनोथिस्ट्स' मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई थी?**
(a) संस्कृत (b) फ़ारसी
(c) बंगाली (d) अरबी

**3. टाइगर लीजन या 'फ्री इंडिया लीजन' के संस्थापक कौन थे?**
(a) लाला हरदयाल (b) सुभाष चंद्र बोस
(c) सोहन सिंह भखना (d) विनायक दामोदर सावरकर

**4. भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) का गठन किस वर्ष किया गया था?**
(a) 1929 में (b) 1927 में
(c) 1930 में (d) 1926 में

**5. निम्न में से कौन-सा संगठन अर्थ विज्ञान (Economic Sciences) में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार प्रदान करता है?**
(a) नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी
(b) कोरोलिंस्का संस्थान
(c) दि रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ़ साइंसेज़
(d) स्वीडिश अकादमी

**6. भारतीय पेट्रोलियम संस्थान कहाँ स्थित है?**
(a) धनबाद (b) चंडीगढ़
(c) भावनगर (d) देहरादून

**7. मखाना के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थित है**
(a) दरभंगा, बिहार (b) सोलापुर, महाराष्ट्र
(c) लखनऊ, उत्तर प्रदेश (d) वाराणसी, उत्तर प्रदेश

**8. केन्द्रीय चावल शोध-संस्थान स्थित है-**
(a) कटक (b) कोलकाता
(c) त्रिवेन्द्रम (d) मुम्बई

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' के अन्तर्गत लक्षित समूह है?**
(a) डेयरी किसान (b) सीमान्त किसान
(c) फुटपाथ विक्रेता (d) भूमिहीन कृषि श्रमिक

**10. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 मे स्वास्थ्य में सुधार के लिए सात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर समन्वित कार्यवाही की पहचान की है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा सात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अंतर्गत नहीं है?**
(a) स्वच्छ भारत अभियान (b) यात्री सुरक्षा
(c) निर्भया नारी (d) अन्नपूर्णा योजना

**11. ''उज्ज्वला'' क्या है?**
(a) वह लिंग–बजट का यंत्र है।
(b) यह कामकाजी महिलाओं को आश्रय प्रदान करने की योजना है।
(c) यह कठिन परिस्थितियों में महिलाओं को समग्र एवं एकीकृत सेवाएँ प्रदान करने की योजना है।
(d) यह महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार को रोकने के लिए एक व्यापक योजना है।

**12. हवा में नमी मापने के लिए निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?**
(a) एयरोमीटर
(b) हाइड्रोमीटर
(c) हाइग्रोमीटर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**13. जब एक पत्थर को चाँद की सतह से पृथ्वी पर लाया जाता है, तो-**
(a) इसका द्रव्यमान (Mass) बदल जाएगा
(b) इसका भार बदल जाएगा, परन्तु द्रव्यमान नहीं
(c) भार और द्रव्यमान दोनों बदल जाएंगे
(d) न द्रव्यमान और न ही भार बदलेंगे

**14. पानी के तनाव के कारण जब रंध्र बंद होता है, तब क्या उत्पन्न होता है?**
(a) कूमेरिन (b) फेरुलिक अम्ल
(c) अब्सिसिक अम्ल (d) एथिलीन

**15. टाटा IPL 2025 का खिताब किस टीम ने जीता है?**
(a) सन राइजर्स है दरा बाद (b) कोलकाता नाइटराइडर्स
(c) पंजाब किंग्स (d) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू

**16. मार्च 2025 में 34वां सरस्वती सम्मान-2024 किसे मिला?**
(a) प्रभा वर्मा (b) विनोद शुक्ला
(c) भद्रेशदास (d) पद्मा सचदेव

**17. ऑस्कर पुरस्कार-2025 में सर्वेश्रेष्ठ फिल्म का अवार्ड किसे मिला?**
(a) द शेप ऑफ वाटर (b) ग्रीन बुक
(c) 12 ईयर अ स्लेव (d) अनोरा

**18. नीचे दी गयी पांच आकृतियों में से चार एक निश्चित तरीके से समान है। हालांकि इनमें से एक आकृति अन्य चार की भाँति समान नहीं है। उस आकृति का चयन करें जो अन्यों से भिन्न है।**




(a) E (b) A
(c) C (d) B

**19. निम्न में से भिन्न चित्र का चयन करें:**




**20. नीचे दिए गए चार शब्दों में से तीन किसी तरह से संगत है और एक असंगत है। असंगत का चयन करें।**
(a) विशेषण (b) क्रिया
(c) संज्ञा (d) वाक्य

21. यदि & का अर्थ '+', $ का अर्थ '–' है, # का अर्थ '÷' तथा % का अर्थ '×' है तब :
**8 % 2 & 11 $ 24 & 24 # 6**
(a) –1 (b) 4.5
(c) 92 (d) 7

22. दिए गए समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए ?
**24 × 36 ÷ 27 + 6 – 2 = 22**
(a) + and ×/+ और × (b) – and +/– और +
(c) ÷ and ×/÷ और × (d) ÷ and +/÷ और +

23. यदि 'A', 'घटाव' को दर्शाता है। 'B', 'गुणन' को दर्शाता है। 'C' 'भाग' को दर्शाता है तथा 'D','जोड़' को दर्शाता है, तो (3 B 4 D 5 A 6) C1 का मान क्या होगा ?
(a) 1 (b) 11
(c) 0 (d) 10

24. दिए गए पैटर्न का अध्ययन कीजिए, और उसमें अनुपस्थित संख्या ज्ञात कीजिए।
$22^2 = 484$
$202^2 = 40804$
$2002^2 = 4008004$
$20002^2 =$ _______
(a) 400080004 (b) 400800400
(c) 200220002 (d) 4840000

25. शब्द का पहला जोड़ा एक निश्चित सम्बन्ध रखता है। दूसरे जोड़े को पूरा करने के लिए समान सम्बन्ध का शब्द प्राप्त करो–
**River : Bank : : Sea : ?**
(a) Shore (b) Creek
(c) Bay (d) Sand

26. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।
कागज : गोंद :: ईंट : ?
(a) राजगीर (b) गारा
(c) पत्थर (d) दीवार

27. निम्नांकित बार ग्राफ 2015 और 2016 में एक प्रिंटिंग कंपनी द्वारा बेची गई पांच विषयों, भौतिक (Physics) रसायन विज्ञान (Chemistry) जीव विज्ञान (Biology), गणित (Mathematics) एवं अंग्रेजी (English) की पाठ्य पुस्तकों की कुल संख्या (हजारों में) को दर्शाता है। ग्राफ के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।




2015 बेची गई गणित की पुस्तकों की संख्या, 2016 में बेची गई अंग्रेजी की पुस्तकों की संख्या के कितने प्रतिशत के बराबर है?
(a) 100% (b) 170%
(c) 200% (d) 150%

28. निम्न तालिका छह अलग-अलग शहरों- A, B, C, D, E और F की जनसंख्या, उनमें पुरुषों और महिलाओं के अनुपात, और कुल जनसंख्या में वयस्कों और बच्चों के अनुपात, को दर्शाती है। तालिका का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| City | Population | Male : Female | Adult : Children |
|---|---|---|---|
| A | 410400 | 13 : 11 | 5 : 3 |
| B | 309900 | 5 : 4 | 7 : 2 |
| C | 447800 | 5 : 7 | 7 : 5 |
| D | 465500 | 17 : 18 | 4 : 3 |
| E | 499500 | 5 : 4 | 5 : 4 |
| F | 424500 | 8 : 7 | 17 : 13 |

(संदर्भ : शहर, जनसंख्या, पुरुष : महिला, वयस्क : बच्चे)
शहर A में वयस्कों की कुल संख्या, और बच्चों की कुल संख्या का अंतर कितना है?
(a) 1,04,600 (b) 1,02,000
(c) 1,02,600 (d) 1,12,600

29. निम्नांकित पाई-चार्ट का अध्ययन दीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। दिया गया पाई-चार्ट एक बीमा कंपनी द्वारा बेचे जाने वाले विभिन्न बीमा उत्पादों के सभी हिस्सों को दर्शाता है।




यदि किसी दिए गए वर्ष में कंपनी द्वारा बेचे गए कुल बीमे 36000 थे, तो उस वर्ष कितने अग्नि बीमे (fire insurance) और संपत्ति बीमे (property insurance) बेचे गए?
(a) 2160 (b) 2880
(c) 5760 (d) 720

30. एक छात्र साइकिल द्वारा 8 km/h की चाल से $\frac{3}{2}$ घंटे में स्कूल पहुँचता है। स्कूल से वापसी के दौरान वह आधे घंटे आराम करता है और 1 km छोटे रास्ते से जाता है। उसकी साइकिल की चाल में कितनी वृद्धि की जानी चाहिए, ताकि वह उसी समय पर घर पहुँच सके?
(a) 37% (b) 37.5%
(c) 30.5% (d) 35%

31. **श्रीमान शर्मा, श्रीमान गुप्ता और श्रीमती सिन्हा किसी व्यवसाय में क्रमशः ₹4,000, ₹8,000 और ₹6,000 निवेशित करते हैं। 6 महीने बाद, श्रीमान शर्मा व्यवसाय छोड़ देते हैं। यदि 8 महीने बाद ₹34,000 का लाभ हुआ हो, तो श्रीमान गुप्ता का हिस्सा कितना होगा?**
(a) ₹14,000 (b) ₹12,000
(c) ₹20,000 (d) ₹16,000

32. **एक वस्तु की बिक्री पर आरम्भिक प्रतिशत लाभ 74% था। यदि वस्तु का क्रय मूल्य 50% बढ़ जाता है, लेकिन विक्रय मूल्य वही रहता है, तो नया प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।**
(a) 8% (b) 16%
(c) 13% (d) 24%

33. **ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करते हुए, राहुल किसी निश्चित धनराशि को 60% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर दो वर्ष के लिए निवेशित करता है। यदि दो वर्ष के अंत में उसे ₹ 11,700 ब्याज प्राप्त होता है, तो वह शुरू में कितनी धनराशि निवेशित करता है?**
(a) ₹ 8,000 (b) ₹ 7,250
(c) ₹ 7,750 (d) ₹ 7,500

34. **₹48750 की धनराशि पर 16% वार्षिक दर पर किसी गैर-अधिवर्ष (non-leap year) के 73 दिन का साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।**
(a) ₹ 1560 (b) ₹ 1500
(c) ₹ 1600 (d) ₹ 1860

35. **दस संख्याओं का औसत 8 है। यदि प्रत्येक संख्या को 2 से विभाजित किया जाता है, तो इस प्रकार प्राप्त संख्याओं के नए समूह का औसत ज्ञात कीजिए।**
(a) 6 (b) 4
(c) 10 (d) 8

36. **यदि A, B से 80% अधिक है और B, C से 20% कम है, तो A:B:C का मान क्या होगा?**
(a) 36 : 25 : 20 (b) 36 : 20 : 25
(c) 36 : 5 : 20 (d) 20 : 25 : 36

37. **₹ 1,470 की राशि अनंत और मोहन के बीच 3:4 के अनुपात में बाँटी जाती है। मोहन को कितनी राशि प्राप्त हुई?**
(a) ₹ 1,050 (b) ₹ 630
(c) ₹ 1,650 (d) ₹ 840

38. **एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 15,625 है। यह दो क्रमागत वर्षों में 8% और 12% बढ़ती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 22% घट जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी होगी?**
(a) 13,230 (b) 15,120
(c) 14,742 (d) 14,042

39. **नीचे कंपनी का GSTIN (Goods and Services Tax Identification Number) दिया गया है। केवल एक विकल्प बिल्कुल सही है।**
**दिया गया GSTIN नंबर :**
**09ABCDE1234F1Z5**
(a) 09ABCDE1234F1Z5
(b) 09ABCDE1234E1Z5
(c) 09ABCD12345F1Z5
(d) 09ABCDE1234F1Z4

40. **नीचे कंपनी का Import Export Code (IEC Number) दिया गया है। ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।**
**दिया गया IEC नंबर :**
**0512345678901234**
(a) 0512345678901234
(b) 0512345678901243
(c) 0512345678910234
(d) 0512345678091234

41. **निम्नलिखित में से कौन-सा कमांड, पैराग्राफ फॉर्मेटिंग को हटा देता है?**
(a) Open (b) Ctrl + L
(c) Copy (d) Ctrl + Q

42. **कौन-सा विकल्प आपको MS-Word 365 में टेबल बनाने की अनुमति देता है?**
(a) Table insertion (b) Table Layout
(c) Table Creation (d) Table Design

43. **एक्सेल वर्कशीट में, जब कोई यूजर एक नई पंक्ति (Row) इन्सर्ट करता है, तो क्या होता है?**
(a) मौजूदा पंक्तियाँ दाई ओर शिफ्ट हो जाती है।
(b) पंक्ति में मौजूद डेटा ओवरराईट (Overwrite) हो जाता है।
(c) नई पंक्ति वर्कशीट के बॉटम में ऐड हो जाती है।
(d) मौजूदा पंक्तियाँ नीचे की ओर शिफ्ट हो जाती है।

44. **एमएस एक्सेल 365(MS Excel 365) में, आप कॉन्टेक्स्ट मेन्यू या रिबन ऑप्शन का उपयोग किए बिना एक्सेल (Excel) में किसी रो (row) को तुरंत कैसे डिलीट कर सकते हैं?**
(a) रो (row) को सेलेक्ट करके और Shift+Delete दबाकर।
(b) रो (row) को सेलेक्ट करके और Alt+Delete दबाकर।
(c) रो (row) को सेलेक्ट करके और Ctrl तथा –(minus) कुंजी दबाकर।
(d) रो (row) को सेलेक्ट करके और Delete दबाकर।

45. **एमएस पावरपॉइंट में प्रेजेंटेशन क्रिएट करते समय टेम्पलेट का उपयोग करने का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(a) मल्टीमीडिया कंटेंट को स्वचालित रूप से इन्सर्ट करना
(b) काम्प्लेक्स एनिमेशन को आसानी से ऐड करना
(c) कंसिस्टेंसी और प्रोफेशनलिज्म सुनिश्चित करना
(d) स्लाइडों में इंटरैक्टिव क्विजेस क्रिएट करना

46. **एमएस-पॉवरप्वॉइंट 2010 (MS-PowerPoint 2010) में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कई रंग का मिश्रण है?**
(a) सॉलिड फिल (b) पिक्चर या टेक्सचर फिल
(c) ग्रेडिएंट फिल (d) ऑटो फिल

47. **निम्नलिखित सर्च इंजनों को इन्हें उपयोग करने वाले लोगों में लोकप्रियता के अनुसार पुनर्व्यवस्थित कीजिए।**
**I. याहू**
**II. गूगल**
**III. बिंग**
**IV. येंडेक्स**
(a) II, I, IV, III (b) I, II, III, IV
(c) IV, III, II, I (d) II, III, I, IV

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, ई-मेल एड्रेस की सही संरचना ( स्ट्रक्चर ) है?**
(a) Name_domain.com
(b) Name@domain.com
(c) Name.com
(d) Name@com_domain

**49. निम्नलिखित में से कौन-सा संदेश की अखंडता ( इंटीग्रिटी ) को सत्यापित करने के लिए प्रयुक्त की जाने वाली तकनीक को संदर्भित करता है?**
(a) प्रोटोकॉल (b) डिजिटल सिग्नेचर
(c) डिक्रिप्शन ऐल्गोरिथ्म (d) मैसेज डाइजेस्ट

**50. निम्नलिखित में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग विंडोज 10 (Windows 10) में विंडोज को मिनीमाइज करने और डेस्कटॉप प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है?**
(a) Windows key + L (b) Ctrl + D
(c) Ctrl + L (d) Windows key + D

**51. भारत में बचत का सबसे सुरक्षित साधन कौन-सा है?**
(a) शेयर बाजार (b) डाकघर बचत खाता
(c) सोना (d) म्यूचुअल फंड

**52. राजस्व व्यय का उदाहरण कौन-सा है?**
(a) सड़क निर्माण (b) वेतन भुगतान
(c) मशीनरी खरीद (d) भवन निर्माण

**53. कैशबुक का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(a) बैंक लेन-देन रिकॉर्ड करना
(b) संपत्ति का विवरण रखना
(c) सभी प्रकार के लेन-देन का रिकॉर्ड रखना
(d) केवल नकद लेन-देन का रिकॉर्ड रखना

**54. दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) की प्रमुख विशेषता क्या है?**
(a) इसमें स्वयं सहायता समूह शामिल नहीं है।
(b) यह केवल एक निश्चित क्षेत्र में लागू होता है।
(c) यह राज्यों को अपनी विशिष्ट गरीबी उन्मूलन कार्य योजना बनाने के लिए एक मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाता है।
(d) यह केवल केंद्र सरकार द्वारा चलाया जाता है।

**55. PMGSY-III का मुख्य लक्ष्य क्या है?**
(a) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार
(b) ग्रामीण सड़कें बाजार से जोड़ना
(c) हाइवे निर्माण
(d) रेल लाइनें

**56. सक्षम** (Bihar Integrated Social Protection Strengthing) परियोजना का मुख्य लक्ष्य क्या है?
(a) वृद्ध और विधवाओं को मुफ्त आवास प्रदान करना
(b) सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की संस्थागत क्षमता बढ़ाना और दूरदराज क्षेत्रों तक पहुँच सुनिश्चित करना
(c) स्वरोजगार उत्पादन हेतु स्टार्ट-अप्स को वित्तीय सहायता देना
(d) सभी स्कूलों में डिजिटल कक्षा

**57. बिहार सरकार द्वारा संचालित सतत जीविकोपार्जन योजना का उद्देश्य क्या है?**
(a) स्थायी आजीविका देना (b) विदेश भेजना
(c) बैंक में खाता खुलवाना (d) इनमें से कोई नहीं

**58. बिहार औद्योगिक नीति के अनुरूप कितने प्रतिशत का औद्योगिक विकास लक्षित है?**
(a) 10 प्रतिशत (b) 15 प्रतिशत
(c) 20 प्रतिशत (d) 21 प्रतिशत

**59. प्रधानमंत्री आवास योजना ( ग्रामीण ) में घर बनाने पर लाभार्थी को कितनी मजदूरी मनरेगा से मिल सकती है?**
(a) 30 दिन (b) 60 दिन
(c) 90 दिन (d) 100 दिन

**60. सामुदायिक सूचना तंत्र मुख्यतः किस क्षेत्र में सहायक है?**
(a) स्वास्थ्य (b) शिक्षा
(c) नौकरी (d) सभी।

**61. SHG का फुल फॉर्म होता है-**
(a) Social Help Group (b) Small Home Group
(c) Society Help Group (d) Self Help Group

**62. बिहार के उच्च स्तरीय समितियों में किस प्रकार की योजनाओं की समीक्षा होती है?**
(a) रोजगार योजनाएँ
(b) शिक्षा योजनाएँ
(c) कृषि योजनाएँ
(d) बहुक्षेत्रीय (कृषि, स्वास्थ्य, वित्त)

**63. बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का कितना योगदान है।**
(a) 58.6 % (b) 21.5 %
(c) 19.9 % (d) 26.7 %

**64. बकरियों की संख्या के आधार पर भारत का कौन सा स्थान है।**
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

**65. बिहार में सीमेंट उद्योग का प्रमुख केंद्र है–**
(a) भागलपुर (b) रोहतास
(c) गया (d) दरभंगा

**66. मनरेगा के तहत प्रति परिवार कितने दिन काम देने की गारंटी है?**
(a) 50 दिन (b) 75 दिन
(c) 100 दिन (d) 120 दिन

**67. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना किस मंत्रालय के अधीन है?**
(a) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(b) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
(c) वित्त मंत्रालय
(d) श्रम मंत्रालय

**68. ग्रामीण विकास की अवधारणा में किन क्षेत्रों का समावेश होता है?**
(a) केवल कृषि
(b) कृषि + शिक्षा + स्वास्थ्य + रोजगार
(c) केवल रोजगार
(d) केवल उद्योग

**69. ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' कब शुरू हुई?**
(a) 1999 (b) 2000
(c) 2001 (d) 2002

**70. ग्राम सभा किससे मिलकर बनती है?**
(a) गाँव के संपन्न लोगों से
(b) सभी 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं से
(c) केवल पंचायत सदस्यों से
(d) केवल पुरूषों से

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 11. (d) | 21. (d) | 31. (d) | 41. (d) | 51.(b) | 61. (d) |
| 2. (b) | 12. (c) | 22. (c) | 32. (b) | 42. (a) | 52. (b) | 62. (d) |
| 3. (b) | 13. (b) | 23. (b) | 33. (d) | 43. (d) | 53. (d) | 63. (c) |
| 4. (b) | 14. (c) | 24. (a) | 34. (a) | 44. (c) | 54. (c) | 64. (b) |
| 5. (c) | 15. (d) | 25. (a) | 35. (b) | 45. (c) | 55. (b) | 65. (b) |
| 6. (d) | 16. (c) | 26. (b) | 36. (b) | 46. (c) | 56. (b) | 66. (c) |
| 7. (a) | 17. (d) | 27. (b) | 37. (d) | 47. (d) | 57. (a) | 67. (b) |
| 8. (a) | 18. (a) | 28. (c) | 38. (c) | 48. (b) | 58. (b) | 68. (b) |
| 9. (c) | 19. (b) | 29. (b) | 39. (a) | 49. (d) | 59. (c) | 69. (b) |
| 10.(d) | 20. (d) | 30. (b) | 40. (a) | 50. (d) | 60. (d) | 70. (b) |

## SOLUTION

**1.** (a)
बेदारा या 'बिदर्रा' का युद्ध नवम्बर, 1759 ई0 में हुआ था। यह युद्ध अंग्रेजों और डचों के बीच बंगाल के संसाधनों की प्राप्ति हेतु लड़ा गया था। डचों की सेना अंग्रेजों द्वारा पराजित हुई।

**2. (b)**
राजा राम मोहन राय की पुस्तक 'गिफ्ट टू मोनोथिस्ट्स' मूल रूप से फारसी भाषा में लिखी गई थी। राजा राम मोहन राय आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के पिता और एक अथक समाज सुधारक थे। उन्होंने वर्ष 1815 में आत्मीय सभा, वर्ष 1821 में कलकत्ता यूनिटेरियन एसोसिएशन और वर्ष 1828 में ब्रह्म सभा (जो बाद में ब्रह्म समाज बन गया) की स्थापना की।

**3. (b)**
'फ्री इंडिया लीजन' भारतीय स्वयंसेवकों द्वारा गठित पैदल सेना रेजिमेंट थी जो भारतीय कैदियों एवं यूरोप में प्रवासियो से बनी थी। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अंग्रेजो के खिलाफ लड़ने के लिए जर्मन सरकार की मदद से इस सेना का गठन किया था। इस सेना का 'टाइगर लीजन' के नाम से भी जाना जाता है।

**4. (b)**
भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) की स्थापना 1927 में हुई थी। इसकें संस्थापक अध्यक्ष सर दोराबजी टाटा और डॉ एजीनाहेरान थे।

**5. (c)**
स्टॉकहोम (स्वीडन) स्थित 'द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस' द्वारा अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की जाती है। अर्थशास्त्र के क्षेत्र में 2021 के नोबेल पुरस्कार का आधा हिस्सा कनाडा में जन्में डेविड कार्ड (David Card) को दिया गया है, और दूसरा आधा हिस्सा इजरायल-अमेरिकी जोसुआ डी एंग्रिस्ट (Joshua D Angrist) तथा डच- अमेरिका गुइडो डबल्यू इम्बेन्स (Guido W. Imbens) को संयुक्त रुप से दिया गया है।

**6. (d)**
भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून में स्थित है। इसकी स्थापना 14 अप्रैल 1960 को की गई थी। यह एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन है। यह संस्थान 1960 से तेल एवं गैस सेक्टर तथा सम्बद्ध उद्योगों के लिए नवीन प्रौद्योगिकियाँ, उत्पाद तथा सेवाएं प्रदान कर रहा है।

**7. (a)**
दरभंगा (बिहार) में राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केन्द्र की स्थापना 28 फरवरी, 2002 को हुई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली ने इसका दायरा सीमित करते हुए 2005 में शहर से सटे वायुसेना स्टेशन के निकट स्थित इस केन्द्र को कृषि अनुसंधान के अधीन कर दिया।

**8. (a)**
केन्द्रीय चावल शोध संस्थान की स्थापना 23 अप्रैल 1946 को ओडिशा राज्य के कटक जिले में की गई थी। जहां से चावल की अनेक प्रजातियों पर शोध करके नई-नई किस्में तैयार की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान | - शिमला (हिमाचल प्रदेश) |
| गन्ना प्रजनन संस्थान (SBI) | - राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश) |
| केन्द्रीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | - कोयम्बटूर (तमिलनाडु) |
| केन्द्रीय नारियल अनुसंधान संस्थान | - काशरगोड (केरल) |
| केन्द्रीय केला अनुसंधान संस्थान | - तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) |
| भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान | - वाराणसी (उ.प्र.) |
| राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान संस्थान | - पुणे (महाराष्ट्र) |
| भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान | - कालीकट (केरल) |

**9. (c)**
प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जो लॉकडॉउन में ढील देने के पश्चात् पथ विक्रेताओं को अपनी आजीविका और रोजगार दोबारा शुरू करने के लिए किफायती दर पर कार्यशील पूंजीगत ऋण प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगी। इस योजना के अन्तर्गत लक्षित समूहों में, शहरों में फेरी लगाने वाले पथ विक्रेता, जिनमें शहरी इलाकों के आस-पास एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए विक्रेता भी शामिल है जो 24 मार्च, 2020 या उससे पहले से वेंडिंग कर रहे थे। इस योजना में फुटपाथ विक्रेताओं को 10,000 रूपये तक की प्रारंभिक कार्यशील पूंजीगत ऋण की सुविधा प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पीएम-स्वनिधि को मार्च, 2022 से आगे बढ़ाकर दिसंबर, 2024 तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है।

**10.(d)**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अंतर्गत सात प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र इस प्रकार है–
(i) स्वच्छ भारत अभियान
(ii) संतुलित गुणकारी आहार एवं नियमित व्यायाम
(iii) तंबाकू शराब और नशीले पदार्थो से निपटना
(iv) यात्री सुरक्षा
(v) निर्भय नारी
(vi) कार्यस्थल पर सुरक्षा सुधार
(vii) आंतरिक एवं बाह्य प्रदूषण को कम करना
इस प्रकार स्पष्ट है कि अन्नपूर्णा योजना का संबंध इससे नहीं है।

**11. (d)**
'उज्ज्वला' यौन शोषण की शिकार हुए महिलाओं और बच्चों के पुनर्वास तथा यौन शोषण के लिए होने वाली मानव तस्करी की रोकथाम के लिए एक व्यापक योजना है। इसकी शुरुआत वर्ष 2007 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गयी।

**12. (c)**
हवा में नमी (आर्द्रता) मापने के लिए हाइग्रोमीटर (आर्द्रतामापी) का उपयोग किया जाता है।